SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

# वट वृक्ष





## क्षेत्रीय क्षमता निर्माण एवं ज्ञान संस्थान, कोलकाता

**समाचार-पत्र: अक्टूबर से दिसंबर 2025**

# प्रधान निदेशक की कलम से

प्रिय पाठक,

मुझे वित्तीय वर्ष 2025-26 के समाचार-पत्र "वट वृक्ष" के तृतीय तिमाही के समाचार-पत्र प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही हैं। इस अंक के मुखपृष्ठ पर कोलकाता के प्रतिष्ठित लोक भवन को दर्शाया गया है, जो कोलकाता के समृद्ध ऐतिहासिक विरासत का प्रमाण हैं।

कोलकाता का लोक भवन केवल एक ऐतिहासिक धरोहर मात्र नहीं है, बल्कि यह शहर की ऐतिहासिक भव्यता को संरक्षित रखने वाला एक उत्कृष्ट स्मारक भी है। इसका निर्माण 1799 और 1803 के बीच किया गया था और यह 18 जनवरी 1803 को बनकर तैयार हुआ था। यह कभी भारत में ब्रिटिश साम्राज्यिक शासन का प्रमुख केंद्र था ।

यह तीन मंजिला वास्तुकला का अद्भुत संरचना, जो एक विस्तृत परिसर में फैला हुआ है, वर्तमान में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का निवास है।

इस तिमाही के दौरान, हमने पर्यवेक्षकों तथा डी.आर.ए.ए.ओ/डी.पी.ए.ए.ओ के लिए अभिविन्यास प्रशिक्षण; आईटी सुरक्षा, साइबर कानून, कंपनी अधिनियम, कॉर्पोरेट गवर्नेंस तथा रेलवे ऑडिट पर सहयोगात्मक प्रशिक्षण; एम.सी.टी.पी लेवल-2 एवं एम.सी.टी.पी लेवल-3; के साथ–साथ विभिन्न सामान्य एवं आईटी प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए।

इस समाचार पत्र के माध्यम से हम अपने पाठकों को क्षे.क्ष.नि.व.ज्ञा.सं, कोलकाता के प्रदर्शन और उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रशिक्षण सामग्री और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बेहतर बनाने हेतु आपका सहयोग आवश्यक है। प्रशिक्षण सामग्री में सुधार/संशोधन हेतु हम आपके विचारों एवं सुझावों का स्वागत करते हैं।आप rtikolkata@cag.gov.in साइट के जरिए हमसे जुड़ सकते हैं।

निर्मलामती माइस्नाम

प्रधान निदेशक

क्षे.क्ष.नि.व.ज्ञा.सं,कोलकाता

# विषय-सूची


| क्रम सं. | विवरण | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक | 4 |
| 2. | सतर्कता जागरूकता सप्ताह | 5 |
| 3. | हिन्दी कार्यशाला | 7 |
| 4. | राष्ट्रीय एकता दिवस | 8 |
| 5. | लेखापरीक्षा दिवस | 9 |
| 6. | एमसीटीपी लेवल-3 एवं एमसीटीपी लेवल-2 | 11 |
| 7. | पर्यवेक्षकों और डीआरएएओ/डीपीएएओ के लिए अभिविन्यास प्रशिक्षण | 13 |
| 8. | रेलवे लेखापरीक्षा पर अखिल भारतीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (क्रिस) | 15 |
| 9. | आईटी सुरक्षा एवं साइबर कानून (मकौत के सहयोग से) | 17 |
| 10. | ओरेकल डीबीए और एसक्यूएल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम | 19 |
| 11. | कंपनी अधिनियम पर सहयोगात्मक प्रशिक्षण (आईसीएसआई) | 20 |
| 12. | कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर सहयोगात्मक प्रशिक्षण (आईसीएसआई) | 22 |
| 13. | इस तिमाही के दौरान आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम | 24 |
| 14. | इन-हाउस प्रशिक्षण/बैठकों के संचालन के लिए उपयोगकर्ता कार्यालयों को बुनियादी ढ़ाचा उपलब्ध कराया गया। | 25 |
| 15. | एस.टी.एम/केस स्टडीज/शोध पत्र और अन्य संबद्ध गतिविधियाँ | 25 |
| 16. | उपयोगकर्ता कार्यालयों तथा भा.ले.व.ले.वि. के बाह्य कार्यालयों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। | 26 |
| 17. | संकाय सदस्य (भा.ले.व.ले.वि के अंतर्गत) | 31 |
| 18. | फ्रीलांस/विशेषज्ञ संकाय सदस्य | 34 |
| 19. | इन-हाउस संकाय सदस्य | 34 |
| 20. | प्रश्नोत्तरी एवं प्रश्नोत्तरी के उत्तर | 36 |

## क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक

मध्यावधि क्षेत्रीय सलाहकार समिति की बैठक 10 अक्टूबर 2025 को क्षेत्रीय क्षमता निर्माण एवं ज्ञान संस्थान, कोलकाता *में आयोजित की गई, जिसमें महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।* इस बैठक की अध्यक्षता *सुश्री यशोधरा रे चौधरी*, अपर उप नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक तथा महानिदेशक लेखापरीक्षा (खान), कोलकाता द्वारा की गई।

अध्यक्ष महोदया ने सभी आरएसी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया और बैठक के कार्यसूची पर चर्चा प्रारंभ की। प्रमुख बिंदुओं में सामान्य प्रशिक्षण में 97.69% स्लॉट उपयोग तथा आईटी प्रशिक्षण में 100% स्लॉट उपयोग शामिल थे, साथ ही भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा सेवा के अधिकारियों की संकाय सदस्यों के रूप में महत्वपूर्ण भागीदारी भी उल्लेखनीय रही।

*आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श के दौरान, आरएसी सदस्यों ने भविष्य के विषयों के लिए बहुमूल्य सुझाव दिए। उन्होंने इन विषयों की प्रासंगिकता और संभावित प्रभाव पर विशेष विचार-विमर्श किया।*



*सुश्री यशोधरा रे चौधरी*, एडीएआई, बैठक की अध्यक्ष; तथा आरएसी बैठक के दौरान विभागाध्यक्ष, समूह अधिकारी और आरसीबीकेआई के अधिकारी।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025

सतर्कता सप्ताह 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक मनाया गया, जो सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक आवश्यक मंच के रूप में कार्य करता है। केंद्रीय सतर्कता आयोग ने सतर्कता सप्ताह 2025 के लिए "सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय का चयन किया हैं।

सतर्कता सप्ताह के दौरान, संस्थान ने सतर्कता सप्ताह मनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया, जिसमें ईमानदारी के मूल्यों को बनाए रखने और भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी शासन प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।"सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय पर आधारित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, साथ ही एक निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

इसके अतिरिक्त, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर और कार्यालय प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा, दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता के कार्यालय के अनुरोध पर, आरसीबीकेआई, कोलकाता के मुख्य संकाय सदस्य श्री उज्जल बोस को "सार्वजनिक सेवा में सत्यनिष्ठा और नैतिक आचरण को बढ़ावा देना" विषय पर एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने के लिए नामित किया गया था।

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest



सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान संस्थान के अधिकारी और कर्मचारी सत्यनिष्ठा की शपथ लेते हुए।



श्री उज्जल बोस, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी एवं मुख्य संकाय, क्षेत्रीय क्षमता निर्माण एवं ज्ञान संस्थान, कोलकाता, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यशाला में अपने सत्र के दौरान।

## हिंदी कार्यशाला

सरकारी कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के दौरान आने वाली चुनौतियों के समाधान हेतु हिंदी कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं। इनका उद्देश्य भाषा का ज्ञान रखने वाले कर्मचारियों की झिझक को दूर करना और उन्हें सरकारी कामकाज के लिए हिंदी का उपयोग करने में आत्मविश्वासी बनाना है। ये कार्यशालाएं मुख्य रूप से सरकारी कार्यों में हिंदी के व्यावहारिक उपयोग पर ध्यान केंद्रित करती हैं।

संस्थान में 23 दिसंबर 2025 को एक हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई।



श्री सोनु कुमार साव, कनिष्ठ अनुवादक, आरसीबीकेआई, कोलकाता, हिंदी कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान करते हुए।

## राष्ट्रीय एकता दिवस

भारत की एकता और एकीकरण में सरदार वल्लभभाई पटेल के अतुलनीय योगदान को सम्मान देने हेतु उनकी 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। यह आयोजन विविधता में एकता, राष्ट्रीय अखंडता तथा समकालीन चुनौतियों के समाधान हेतु सामूहिक उत्तरदायित्व के आदर्शों को सुदृढ़ करता है।

इस अवसर पर, संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने 'एकता की शपथ' ली और राष्ट्र की संप्रभुता, शांति तथा अखंडता को अक्षुण्ण रखने की अपनी प्रतिबद्धता को पुन: दोहराया

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

## ऑडिट दिवस समारोह 2025

5वाँ ऑडिट दिवस 16 नवंबर 2025 को भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, नई दिल्ली के साथ-साथ सीएजी के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में मनाया गया। इस अवसर के महत्व को व्यापक बनाने हेतु, संस्थान ने ऑडिट दिवस सप्ताह का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य हितधारकों और व्यापक जनसमुदाय को जोड़ना तथा सुशासन को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना था।

इस अवसर पर, संस्थान में पॉश (POSH) अधिनियम, ई-ऑफिस, डेटा एनालिटिक्स और ओआईओएस (OIOS) पर कई कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिनसे अधिकारी और कर्मचारी इन महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक हुए। इसके अतिरिक्त, संस्थान में कैरम प्रतियोगिता सहित विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों की एक क्रिकेट टीम ने ट्रेजरी बिल्डिंग लॉन में आयोजित इंट्रा-डिपार्टमेंटल अंडर-आर्म नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट में भी भाग लिया, जिसका आयोजन कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I), पश्चिम बंगाल, कोलकाता द्वारा किया गया था।

लेखापरीक्षा दिवस समारोह के अवसर पर अपने सत्र के दौरान श्री पुरंदर सेनगुप्ता





लेखापरीक्षा दिवस समारोह के अवसर पर प्रधान निदेशक, आरसीबीकेआई, कोलकाता द्वारा कैरम प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया



प्रधान निदेशक, आरसीबीकेआई, कोलकाता द्वारा कैरम प्रतियोगिता के विजेता को सम्मान प्रदान किया गया

## एमसीटीपी लेवल-2 और एमसीटीपी लेवल-3

विभाग में वर्ष *2021* में मध्य-कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी, जिसका उद्देश्य निर्धारित सेवा अवधि वाले वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारियों और सहायक लेखापरीक्षा अधिकारियों को प्रशिक्षित करना है। विभागीय अधिकारियों में व्यावसायिकता, निष्पक्षता और दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, संस्थान ने 17 से 21 नवंबर 2025 तक एमसीटीपी लेवल-2 और 15 से 19 दिसंबर 2025 तक एमसीटीपी लेवल-3 का आयोजन किया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को आवश्यक कौशल और ज्ञान से सशक्त बनाना था, जिसमें हितधारकों के साथ संचार, आंतरिक नियंत्रण, धोखाधड़ी का पता लगाना, ई-गवर्नेंस की विशेषताएं, जोखिम प्रबंधन और अनुपालन, टीम निर्माण, तनाव प्रबंधन, नैतिकता, आईटी वातावरण में लेखापरीक्षा और वैश्विक पर्यावरण संकट जैसे विषय शामिल थे।

कार्यक्रम के दौरान, एमसीटीपी लेवल-2 के प्रतिभागियों ने डाक संग्रहालय, कोलकाता का भ्रमण किया, जबकि एमसीटीपी लेवल-3 के प्रतिभागियों ने पूर्वी कोलकाता आर्द्रभूमि का दौरा किया। प्रतिभागियों ने सभी सत्रों और गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे प्रशिक्षण अनुभव और अधिक समृद्ध एवं प्रभावी बना। एमसीटीपी लेवल-2 और लेवल-3 पाठ्यक्रमों को क्रमशः 9.55 और 9.04 की प्रभावशाली रेटिंग प्राप्त हुई।

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest



एमसीटीपी लेवल-2 प्रशिक्षण में अपने सत्र के दौरान श्री श्रीराज मधुकर वाणी, उप महालेखाकार, कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I), पश्चिम बंगाल, कोलकाता



एमसीटीपी लेवल-2 प्रशिक्षण में श्री पुरंदर सेनगुप्ता, विशेषज्ञ संकाय द्वारा संचालित प्रशिक्षण सत्र के दौरान विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते प्रतिभागी।

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA



डॉ. दीपा मित्रा, एसोसिएट प्रोफेसर, आईआईएसडब्ल्यूबीएम और श्री उज्जल बोस, मुख्य संकाय, आरसीबीकेआई, कोलकाता, एमसीटीपी लेवल-3 प्रशिक्षण के प्रतिभागियों के साथ ।

## पर्यवेक्षकों और डी.आर.ए.ए.ओ/डी.पी.ए.ए.ओ के लिए अभिविन्यास प्रशिक्षण

संस्थान ने 13 नवंबर से 24 दिसंबर 2025 तक उपयोगकर्ता कार्यालयों के लिए एक विस्तृत अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें विभागीय कामकाज, प्रमुख नियमों और विनियमों, मुख्य लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं और टिप्पणी एवं प्रारूपण के आवश्यक कौशलों का संरचित परिचय प्रदान किया गया। प्रतिभागियों को ओआईओएस, ई-एचआरएमएस, ई-ऑफिस, आईडीईए, नाइमे और टैब्लो जैसे महत्वपूर्ण आईटी अनुप्रयोगों के साथ-साथ आईटी लेखापरीक्षा की आधारभूत तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया गया। इसके साथ ही, पाठ्यक्रम में प्रभावी व्यावसायिक सहभागिता हेतु व्यक्तित्व विकास और संचार कौशल पर भी विशेष बल दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में संगठनात्मक संस्कृति, कर संबंधी अवधारणाएं, उन्नत एमएस एक्सेल, राजभाषा हिंदी, कैट्स, पारदर्शिता एवं सुशासन, समस्या समाधान, वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन, संवैधानिक बजट प्रावधान, सीएजी कार्यालय में आचार संहिता, करियर प्रगति और जेंडर सेंसिटाइजेशन जैसे विविध विषयों को शामिल किया गया। सत्रों का संचालन भारत भर से आए संकाय सदस्यों, स्थानीय विशेषज्ञों एवं आंतरिक संकाय द्वारा किया गया। प्रतिभागियों ने व्यक्तिगत और समूह प्रस्तुतियों के साथ-साथ 'आर्ट्स एकर फाउंडेशन - म्यूजियम ऑफ मॉडर्न आर्ट एंड आर्ट सेंटर', कोलकाता के शैक्षिक भ्रमण में भी भाग लिया।

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

कार्यक्रम को प्रतिभागियों द्वारा सराहना की गई तथा इसे 9.80 की उत्कृष्ट समग्र रेटिंग प्राप्त हुई।



अभिविन्यास प्रशिक्षण के प्रतिभागी खेल और सांस्कृतिक सत्रों के दौरान विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते हुए

अभिविन्यास प्रशिक्षण बैच के लिए आर्ट्स एकर फाउंडेशन, कोलकाता की एक दिवसीय यात्रा की कुछ झलकियाँ।








## रेलवे ऑडिट पर अखिल भारतीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

रेलवे ऑडिट पर एक अखिल भारतीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 08 से 12 दिसंबर 2025 तक सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम्स (CRIS) के सहयोग से आयोजित किया गया। क्रिस भारतीय रेलवे के लिए महत्वपूर्ण सूचना प्रणालियों के विकास, कार्यान्वयन और अनुरक्षण के लिए उत्तरदायी है, और यह रेलवे संचालन एवं प्रबंधन में डिजिटल परिवर्तन, पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने में एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।"

इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर के रेलवे ऑडिट कार्यालयों से आए प्रतिभागियों की रेलवे-विशिष्ट सूचना प्रणालियों और ऑडिट में उनकी प्रासंगिकता के प्रति समझ को सुदृढ़ करना था। सत्रों की शुरुआत इंटीग्रेटेड मैटेरियल मैनेजमेंट के परिचय के साथ हुई, जिसके बाद विभिन्न रेलवे सूचना प्रणालियों, उनके मॉड्यूल और कार्यात्मक अनुप्रयोगों पर विस्तृत चर्चा की गई।

प्रतिभागियों को भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS), फ्रेट ऑपरेशंस इंफॉर्मेशन सिस्टम (FOIS), इंटीग्रेटेड कोचिंग मैनेजमेंट सिस्टम (ICMS), अकाउंटिंग इंफॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम (AIMS) और ब्रिज मैनेजमेंट सिस्टम (BMS) जैसी प्रमुख प्रणालियों से परिचित कराया गया। प्रशिक्षण को इन प्रणालियों के लाइव प्रदर्शन के माध्यम से और भी प्रभावी बनाया गया, जिससे उनके परिचालन और ऑडिट आयामों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

इस कार्यक्रम को 9.23 की उत्कृष्ट रेटिंग प्राप्त हुई, जो प्रतिभागियों से मिली सराहना और इस प्रशिक्षण के व्यावहारिक महत्व को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।"



आरसीबीकेआई, कोलकाता के प्रधान निदेशक द्वारा रेलवे ऑडिट पर आयोजित एआईटीपी के प्रतिभागियों के साथ संवाद।



आरसीबीकेआई, कोलकाता के प्रधान निदेशक द्वारा सीआरआईएस, नई दिल्ली के संकाय सदस्यों को स्मृति-चिह्न प्रदान किया गया।



रेलवे ऑडिट पर आयोजित एआईटीपी का फीडबैक एवं समापन सत्र

## साइबर कानून एवं आईटी सुरक्षा पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम

साइबर कानून एवं आईटी सुरक्षा पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 से 16 अक्टूबर 2025 तक मौलाना अबुल कलाम आजाद प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (MAKAUT), कोलकाता के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों की सूचना सुरक्षा की अवधारणाओं तथा साइबर स्पेस को नियंत्रित करने वाले विधिक ढांचे के प्रति समझ को सुदृढ़ करना था। इस दौरान MAKAUT ने उभरती साइबर सुरक्षा चुनौतियों पर महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान की।

सत्रों में आईटी सुरक्षा के मूलभूत सिद्धांतों, सीआईए ट्राइड, आईटी सुरक्षा, डेटा सुरक्षा और डेटा गोपनीयता के बीच अंतर, डिफेंस-इन-डेप्थ आर्किटेक्चर, साइबर हमलों के प्रकार, एप्लिकेशन और नेटवर्क सुरक्षा, डेटा एन्क्रिप्शन, भारत सरकार की आईटी सुरक्षा नीतियों और प्रासंगिक साइबर कानूनों जैसे प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया, जिन्हें केस स्टडी चर्चाओं के माध्यम से समर्थित किया गया।

इस कार्यक्रम को 8.97 की समग्र रेटिंग प्राप्त हुई, जो समकालीन साइबर सुरक्षा और कानूनी चिंताओं के समाधान में इसकी प्रासंगिकता और प्रभावशीलता को दर्शाती है।

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest



श्री सुजय बनर्जी, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी, तथा MAKAUT के संकाय सदस्य प्रशिक्षण कार्यक्रम(आईटी सुरक्षा एवं साइबर कानून) का उद्‌घाटन करते हुए।



आईटी सुरक्षा और साइबर कानून प्रशिक्षण सत्र के दौरान श्री रणदीप भट्टाचार्य, सहायक प्राध्यापक, मकाउट (MAKAUT)

## ओरेकल डीबीए एवं एसक्यूएल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम।

"डेटाबेस प्रबंधन और क्वेरी हैंडलिंग के प्रति प्रतिभागियों की समझ को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 01 से 05 दिसंबर 2025 तक ओरेकल डीबीए (Oracle DBA) और एसक्यूएल (SQL) पर एक पांच-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था।"

इस कार्यक्रम के अंतर्गत डीबीएमएस (DBMS) और आरडीबीएमएस (RDBMS) अवधारणाओं, एसक्यूएल (SQL) कमांड्स, डेटा मैनिपुलेशन और क्वेरी निष्पादन, ग्रुप फंक्शन्स का उपयोग करके एग्रीगेशन, पीएल/एसक्यूएल (PL/SQL) ब्लॉक्स और वेरिएबल्स, तथा डेटाबेस सुरक्षा जैसे मुख्य विषयों को शामिल किया गया। इसके साथ ही, तकनीकी दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से व्यावहारिक अभ्यास सत्र भी आयोजित किए गए।



श्री चंदन कुमार, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, आरसीबीकेआई, कोलकाता, ओरेकल डीबीए एवं एसक्यूएल प्रशिक्षण में अपने सत्र के दौरान ।

## कंपनी अधिनियम 2013 पर सहयोगात्मक प्रशिक्षण।

"कंपनी अधिनियम, 2013 पर तीन-दिवसीय सहयोगात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम 01 से 03 दिसंबर 2025 तक 'इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया' (ICSI) के सहयोग से संस्थान में आयोजित किया गया था जो कॉर्पोरेट गवर्नेंस, अनुपालन और नैतिक मानकों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक वैधानिक व्यावसायिक निकाय है।"

इस कार्यक्रम के अंतर्गत कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रमुख पहलुओं और हालिया संशोधनों, कॉर्पोरेट गवर्नेंस ढांचे, बोर्ड एवं एजीएम प्रक्रियाओं, कॉर्पोरेट सोशल दायित्व, खातों की ऑडिटिंग और पूरक ऑडिट, वार्षिक वित्तीय विवरणों, फोरेंसिक ऑडिट और धोखाधड़ी का पता लगाने जैसे विषयों को शामिल किया गया। साथ ही, केस स्टडीज और मॉक ऑडिट अभ्यास के माध्यम से प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाया गया।

कार्यक्रम को 9.60 की उत्कृष्ट समग्र रेटिंग प्राप्त हुई, जो प्रतिभागियों तथा प्रशिक्षण सामग्री की प्रासंगिकता को स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित करती है।

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest





आईसीएसआई-सीसीजीआरटी, कोलकाता के सहयोग से आयोजित कंपनी अधिनियम, 2013 पर सहयोगात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन




आरसीबीकेआई, कोलकाता के प्रधान निदेशक द्वारा आईसीएसआई-ईआईआरसी, कोलकाता के काउंसिल सदस्य तथा आईसीएसआई-सीसीजीआरटी, कोलकाता के निदेशक को स्मृति-चिह्न भेंट करते हुए

## ऑडिट में कॉर्पोरेट गवर्नेंस, अनुपालन और जोखिम मूल्यांकन पर सहयोगात्मक प्रशिक्षण

"कॉर्पोरेट गवर्नेंस, अनुपालन और ऑडिट में जोखिम मूल्यांकन पर 16 से 18 दिसंबर 2025 तक इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के सहयोग से एक तीन दिवसीय सहयोगात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन ढांचे, अनुपालन तंत्र और जोखिम-आधारित ऑडिट मूल्यांकन के प्रति लेखापरीक्षकों की समझ को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधान निदेशक, आरसीबीकेआई, कोलकाता द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई।"

इस कार्यक्रम में कॉर्पोरेट गवर्नेंस संरचनाओं, सेबी विनियम एवं प्रकटीकरण, अनुपालन प्रबंधन प्रणालियों, गवर्नेंस विफलताओं और संबंधित पक्ष लेनदेन की पहचान, बीआरएसआर और सीएसआर ऑडिट, एनसीएलटी/एनसीएलएटी के समक्ष कॉर्पोरेट विधि विवादों, और जोखिम प्रबंधन एवं आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों जैसे प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया, जो केस स्टडी चर्चाओं पर आधारित थे। इस कार्यक्रम को प्रतिभागियों द्वारा 9.20 की समग्र रेटिंग प्राप्त हुई, जो इसकी प्रासंगिकता, व्यावहारिक दृष्टिकोण और प्रभावशीलता को दर्शाती है।

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest




आईसीएसआई-सीसीजीआरटी, कोलकाता के सहयोग से आयोजित कॉर्पोरेट गवर्नेंस, अनुपालन एवं ऑडिट में जोखिम मूल्यांकन पर सहयोगात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन।





आईसीएसआई के संकाय सदस्य, 'कॉर्पोरेट गवर्नेंस, अनुपालन और ऑडिट में जोखिम मूल्यांकन' विषय पर आयोजित प्रशिक्षण के प्रतिभागियों के साथ।

# अक्टूबर से दिसंबर 2025 की तिमाही के दौरान आयोजित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

| सामान्य पाठ्यक्रम | से | तक |
|---|---|---|
| कार्य लेखों सहित कार्यों का लेखा-परीक्षण। | 13-10-2025 | 15-10-2025 |
| निष्पादन लेखापरीक्षा | 27-10-2025 | 30-10-2025 |
| पर्यवेक्षकों एवं पदोन्नत सहायक लेखापरीक्षा अधिकारियों के लिए अभिविन्यास प्रशिक्षण। | 13-11-2025 | 24-12-2025 |
| एमसीटीपी लेवल-2 | 17-11-2025 | 21-11-2025 |
| ई-प्रोक्योरमेंट एवं जेम | 24-11-2025 | 26-11-2025 |
| इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के सहयोग से कंपनी अधिनियम पर संयुक्त प्रशिक्षण। . | 01-12-2025 | 03-12-2025 |
| रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र के सहयोग से रेलवे ऑडिट पर आयोजित अखिल भारतीय प्रशिक्षण कार्यक्रम। | 08-12-2025 | 12-12-2025 |
| एमसीटीपी लेवल -3 | 15-12-2025 | 19-12-2025 |
| इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के सहयोग से 'कॉर्पोरेट गवर्नेंस, अनुपालन और ऑडिट में जोखिम मूल्यांकन' पर संयुक्त प्रशिक्षण। | 16-12-2025 | 18-12-2025 |

| आईएस/आईटी पाठ्यक्रम | से | तक |
|---|---|---|
| मकाऊट के सहयोग से 'आईटी सुरक्षा और साइबर कानून' पर प्रशिक्षण। | 14-10-2025 | 16-10-2025 |
| आई.डी.ई.ए | 10-11-2025 | 14-11-2025 |
| ओरेकल डीबीए, एसक्यूएल | 01-12-2025 | 05-12-2025 |

## उपयोगकर्ता कार्यालयों की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा इन-हाउस प्रशिक्षण/बैठकों के संचालन के लिए उपयोगकर्ता कार्यालयों को बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया गया।

आरसीबीकेआई,कोलकाता में दो आईटी लैब और एक सम्मेलन कक्ष है। संस्थान उपयोगकर्ता कार्यालयों को बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने में सहायता करता है। अक्टूबर से दिसंबर 2025 की अवधि के दौरान आरसीबीकेआई, कोलकाता की सहयोग से निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए:

| क्रम सं. | प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम | अवधि | उपयोगकर्ता कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं पर इनहाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिसमें किसान वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा कृषक बंधु (सुनिश्चित आय) योजना पर विशेष बल दिया गया। | 07.11.2025 | कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II), पश्चिम बंगाल |

## एसटीएम/केस स्टडीज/शोध पत्र और अन्य संबद्ध गतिविधियाँ।

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

### एसटीएम:

रेलवे के वित्त और विनियोग खातों के ऑडिट पर एसटीएम को समकक्ष समीक्षा टिप्पणियों के अनुरूप संशोधित किया गया और अक्टूबर 2025 में मुख्यालय को प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त, टीजीएस दिशानिर्देशों पर एसटीएम वर्तमान में प्रक्रियाधीन है।

### शोध पत्र:

स्वच्छता एवं जल निकासी में सुधार लाने में पंचायती राज संस्थानों की भूमिका से संबंधित शोध पत्र पर कार्य वर्तमान में प्रगति पर है।

**मुंबई स्थित परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान के लिए 11-12-2025 से 12-12-2025 तक ' क्रय एवं सेवाओं में अनियमितताओं की पहचान और उनके समाधान' विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।**

परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान ने 11.12.2025 से 12.12.2025 तक मुंबई में "क्रय एवं सेवाओं में अनियमितताओं की पहचान एवं उनका समाधान" विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में आरसीबीकेआई, कोलकाता ने प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार करने में बहुमूल्य इनपुट प्रदान किए और संकाय सहायता भी उपलब्ध कराई

अपने प्रशंसा-पत्र में एटीआई ने उल्लेख किया कि इस कार्यक्रम में 78 प्रतिभागियों ने भाग लिया और यह अत्यंत सफल रहा। संस्थान ने आगे आरसीबीकेआई, कोलकाता द्वारा प्रदान किए गए महत्वपूर्ण समन्वय एवं प्रशिक्षण संबंधी अंतर्दृष्टियों के लिए भी अपनी सराहना व्यक्त की।



आरसीबीकेआई, कोलकाता के वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी एवं मुख्य संकाय सदस्य श्री उज्ज्वल बोस को श्री वाई.कमलाकर, निदेशक, प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान, परमाणु ऊर्जा विभाग, मुंबई द्वारा सम्मानित किया गया।




आरसीबीकेआई कोलकाता के वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी और मुख्य संकाय सदस्य, श्री उज्ज्वल बोस, परमाणु ऊर्जा विभाग, मुंबई के प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान में सत्र को संबोधित करते हुए।

**उपयोगकर्ता कार्यालयों तथा भा.ले.व.ले.वि के बाहय कार्यालयों (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से) को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।**

| | संकाय का नाम | कार्यालय का नाम | विषय | दिनांक | सत्रों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री उज्ज्वल बोस, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II), पश्चिम बंगाल | कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013)। | 24.10.2025 | 2 |
| | | कार्यालय प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा, दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता | लोक सेवा में सत्यनिष्ठा एवं नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देना। | 31.10.2025 | 2 |
| | | भारत सरकार टकसाल | नैतिकता, सत्यनिष्ठा एवं दृष्टिकोण में परिवर्तन। | 03.11.2025 | 4 |
| | | कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (आयुध निर्माणी), कोलकाता | नेतृत्व एवं नैतिकता | 28.11.2025 | 2 |
| | | परमाणु ऊर्जा विभाग मुंबई का प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान | वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद में अनियमितताएँ | 11.12.2025 | 2 |
| 2. | श्री दीपक कुमार सिंह, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी | भारत सरकार टकसाल | सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 | 23.10.2025 | 2 |
| 4. | सुश्री पुनम मालपानी, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | कार्यालय प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा (वित्त एवं संचार), कोलकाता (ऑनलाइन) | संदेह निवारण सत्र | 08.10.2025 | 1 |
| | | कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I) पश्चिम बंगाल(ऑनलाइन) | संदेह निवारण सत्र | 30.10.2025 | 1 |
| | | कार्यालय प्रधान महालेखाकार (ले.व.ह,) पश्चिम बंगाल (ऑनलाइन) | संदेह निवारण सत्र | 10.11.2025 | 2 |
| | | कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा-I), पश्चिम बंगाल, | संदेह निवारण सत्र | 21.11.2025 | 2 |

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | स्थानीय लेखापरीक्षा विभाग (ऑनलाइन) | | | |
| | | कार्यालय प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा (वित्त एवं संचार), कोलकाता (ऑनलाइन) | संदेह निवारण सत्र | 25.11.2025 | 2 |
| | | कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I) पश्चिम बंगाल(ऑनलाइन) | संदेह निवारण सत्र | 02.12.2025 | 1 |
| | | कार्यालय प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा, आरपीयू और एमआर बर्दवान शाखा (ऑनलाइन) | संदेह निवारण सत्र | 04.12.2025 | 1 |
| | श्री सनी पासी, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी | कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा, सीई, (ईएसडी), कोलकाता शाखा | अवकाश प्रबंधन | 14.10.2025 | 1 |
| | | कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा, (कोयला), कोलकाता (ऑनलाइन) | कैलेंडर और अवकाश प्रबंधन | 16.10.2025 | 1 |
| | | कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II) पश्चिम बंगाल(ऑनलाइन) | अवकाश प्रबंधन | 31.10.2025 | 1 |
| | | कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (आयुध निर्माणी), कोलकाता (ऑनलाइन) | अवकाश प्रबंधन | 10.11.2025 | 1 |
| | | कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा केन्द्रीय, कोलकाता (ऑनलाइन) | प्रतिपूर्ति और कार्यप्रवाह प्रबंधन | 12.11.2025 | 1 |
| | | कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा, सीई, (ईएसडी), कोलकाता (ऑनलाइन) | प्रतिपूर्ति और कार्यप्रवाह प्रबंधन | 20.11.2025 | 1 |
| | | कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (केंद्रीय), कोलकाता, शाखा-पोर्ट ब्लेयर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (ऑनलाइन) | प्रतिपूर्ति और कार्यप्रवाह प्रबंधन | 26.11.2025 | 1 |

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (कोयला), कोलकाता | प्रतिपूर्ति और कार्यप्रवाह प्रबंधन | 28.11.2025 | 1 |
| | | कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (पूर्व रेलवे), कोलकाता (ऑनलाइन) | कैलेंडर और अवकाश प्रबंधन | 15.12.2025 | 1 |
| | | कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (खान), कोलकाता (ऑनलाइन) | प्रतिपूर्ति और कार्यप्रवाह प्रबंधन | 16.12.2025 | 1 |
| | | कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा, सीई, (ईएसडी), कोलकाता (ऑनलाइन) | कैलेंडर और अवकाश प्रबंधन | 18.12.2025 | 1 |
| | | कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (केंद्रीय), कोलकाता, शाखा-पोर्ट ब्लेयर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (ऑनलाइन) | कैलेंडर और अवकाश प्रबंधन | 22.12.2025 | 1 |
| | | कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा केन्द्रीय, कोलकाता (ऑनलाइन) | कैलेंडर और अवकाश प्रबंधन | 23.12.2025 | 1 |
| | श्री चंदन कुमार, सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी | कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), बिहार (ऑनलाइन) | नई कार्यक्षमता में अनुवर्ती कार्रवाई पर प्रशिक्षण | 10-10-2025 | 1 |
| | | कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I), पश्चिम बंगाल (ऑफलाइन) | नई कार्यक्षमता में अनुवर्ती कार्रवाई पर प्रशिक्षण | 16-10-2025 | 4 |
| | | कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II), पश्चिम बंगाल (ऑफलाइन) | नई कार्यक्षमता में अनुवर्ती कार्रवाई पर प्रशिक्षण | 27-10-2025 | 1 |
| | | कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II), पश्चिम बंगाल (ऑफलाइन) | नई कार्यक्षमता में अनुवर्ती कार्रवाई पर प्रशिक्षण | 07-11-2025 | 1 |
| | | शाखा कार्यालय: महानिदेशक लेखापरीक्षा (कृषि, खाद्य और जल संसाधन), नई दिल्ली, स्थित कोलकाता (ऑफलाइन) | टूलकिट पर प्रशिक्षण | 21-11-2025 | 4 |

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), बिहार (ऑफलाइन) | ऑडिट दिवस के अवसर पर ओआईओएस कार्यशाला | 24-11-2025 | 1 |
| | | शाखा कार्यालय: महानिदेशक लेखापरीक्षा (कृषि, खाद्य एवं जल संसाधन), नई दिल्ली का कोलकाता स्थित कार्यालय (ऑनलाइन) | सीएजी कनेक्ट पोर्टल पर प्रशिक्षण | 02-12-2025 | 2 |
| | | कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (केंद्रीय), चेन्नई (ऑनलाइन) | सीएजी कनेक्ट पोर्टल पर प्रशिक्षण | 08-12-2025 | 2 |
| | | कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I), पश्चिम बंगाल (ऑनलाइन) | सीएजी कनेक्ट पोर्टल के बाद ओआईओएस में हुए परिवर्तनों से संबंधित शंकाओं का समाधान | 19-12-2025 | 2 |

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

**इस संस्थान में प्रशिक्षण प्रदान करने वाले संकाय सदस्य (भा.ले.व.ले.वि के अंतर्गत)**

श्री पुष्कर कुमार, प्रधान निदेशक

श्री सतीश.एम., उप महालेखाकार

श्री अवनींद्र कुमार राय, उप महालेखाकार

श्री वानी श्रीराज मधुकर, उप महालेखाकार

श्री मोहम्मद सुहैल फज़ल, उप निदेशक

श्री सदानंद नस्कर, उप महालेखाकार

श्री कृष्ण चंद्र कुंडू, वरिष्ठ लेखा अधिकारी

श्री देबाशीष चटर्जी, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी

श्री राणा देब, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी

श्रीमती बिनु मैथ्यू, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी

सुश्री साईकृपा नल्कुर, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी

श्री शिबतोष भट्टाचार्य, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी

श्री अरिजीत सिन्हा, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी

श्री प्रोसेनजीत सेन, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी

श्री बिस्वजीत साहा, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी

श्री एस. मोहन, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी

श्री गौरव कुमार ओमी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी

श्री तन्मय लस्कर, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी

श्री श्रीकांत गांटा, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी

श्री तनय मुखर्जी, सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी

श्री शुभम कुमार, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

**इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के संकाय सदस्य**

श्री सीएस. एस. के. अग्रवाल, पूर्व परिषद सदस्य, आईसीएसआई

श्री सीएस. रवि वर्मा, कंपनी सचिव, इमामी लिमिटेड

श्री सीएस. ए. के. लाभ, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव

श्री सीएस मोहन राम गोयनका, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव

श्री अतुल कुमार सिंह, सलाहकार एवं परामर्शदाता, सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी, इमामी लिमिटेड

श्री सी.एस. अनिल कुमार दुबे, पूर्व अध्यक्ष, आईसीएसआई-ईआईआरसी

श्री सीएस. अनिल मुरारका, पूर्व अध्यक्ष, आईसीएसआई

श्री सीएस. हंसराज जारिया, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव

सुश्री सीएस. स्वाति बजाज, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव

श्री सीएस. जगदीश पात्रा, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव

श्री सीएस. दिप्तेंद्र नारायण रॉय, चार्टर्ड अकाउंटेंट

श्री सीएस. गोपाल खेतान, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव

**सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम के संकाय सदस्य**

श्री आशीष शर्मा, पीपीई/एफओआईएस/सीआरआईएस

श्री मिथिलेश कुमार, एएम/एमएमआईएस/सीआरआईएस

श्री सत्य प्रसन्न पाणिग्रही, पीपीई/एफओआईएस/सीआरआईएस

श्री सूर्य प्रकाश ओझा, पीपीई/सीआरआईएस

श्री दिलीप कुमार जैन, पीपीई/सीआरआईएस

श्री सुख दयाल, पीपीई/सीआरआईएस

श्री दीपक कुमार, पीपीई/एआईएमएस/सीआरआईएस

श्री कुमार अभिषेक, पीपीई/एआईएमएस न्यू/सीआरआईएस

श्री सुनील कुमार त्रिपाठी, पीपीई/टीएमएस/सीईपी/सीआरआईएस

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

श्री मुनेन्द्र सिंह, पीपीई/सीईपी-III/सीआरआईएस

**मौलाना अबुल कलाम आज़ाद प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल के संकाय सदस्य**

डॉ. पबित्र पाल, सहायक प्रोफेसर

श्री संचयन भौमिक, सहायक प्रोफेसर

श्री अयान घोष, सहायक प्रोफेसर

श्री रणदीप भट्टाचार्य, सहायक प्रोफेस

**अन्य (केंद्र/राज्य) सरकार**

श्री सुब्रतो बनर्जी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी, सरकारी लेखा और वित्त संस्थान

श्री राज राजेश,निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक

श्री सिबब्रत पाल,उप महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक

सुश्री अंतरा झा,वरिष्ठ कानूनी कार्यकारी, सी-डैक

श्री जगन्नाथ सामंत,अधीक्षण अभियंता, पूर्वी राजमार्ग परिमंडल, लोक निर्माण (सड़क) विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार

श्री राणा तारण,अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण (सड़क) विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार

**प्रोफेसर/वैज्ञानिक**

डॉ. दीपा मित्रा,एसोसिएट प्रोफेसर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड बिजनेस मैनेजमेंट

डॉ. पपिया उपाध्याय,असिस्टेंट प्रोफेसर, नेताजी सुभाष मुक्त विश्वविद्यालय

श्री देबजीत गोस्वामी,असिस्टेंट प्रोफेसर

डॉ. परिमल सरकार,"असिस्टेंट प्रोफेसर, नेताजी सुभाष मुक्त विश्वविद्यालय"

**चार्टर्ड अकाउंटेंट**

श्री देवर्षि भुवाल्का, चार्टर्ड अकाउंटेंट

श्री सुमित बिहानी, चार्टर्ड अकाउंटेंट

श्री अरिजीत चक्रवर्ती, चार्टर्ड अकाउंटेंट

**भा.ले.व.ले.वि तथा अन्य सरकारी विभागों के सेवानिवृत्त अधिकारी**

श्री विकास कुमार महांति, सेवानिवृत्त वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी

श्री चंद्र गोपाल शर्मा (सेवानिवृत्त), उप महाप्रबंधक (राजभाषा)

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

श्री सुजीत कुमार सेनगुप्ता, पूर्व बैंकर, सीटी बैंक, कोलकाता

**फ्रीलांस/ विशेषज्ञ संकाय सदस्यों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया**

श्री हेमंत कुमार पाल, आईटी विशेषज्ञ

श्री अनुतोष घोष, विशेषज्ञ संकाय

श्री अभिषेक नायक, प्रशिक्षक

श्री राजर्षि मुखर्जी, पूर्व फैसिलिटेटर

स्वामी वेदातीतानंद, संवाददाता, रामकृष्ण मिशन

श्री पुरंदर सेनगुप्ता, मास्टर ट्रेनर

सुश्री अंजना डे, संयुक्त सचिव एवं कार्यक्रम निदेशक, प्रकृति, पर्यावरण और वन्यजीव सोसायटी

श्री अनिमेष देब रॉय, विशेषज्ञ संकाय

श्री आनंद चौधरी, विशेषज्ञ प्रशिक्षक

डॉ. एम. एन. रॉय, अध्यक्ष, सिग्मा फाउंडेशन

सुश्री देबयानी सेन, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी, स्वयं-एनजीओ

सुश्री सीमा श्रीनिवास, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी, स्वयं-एनजीओ

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

**इन-हाउस संकाय सदस्यों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया**

श्री सुजय बनर्जी, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी

श्री उज्ज्वल बोस, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी

श्री दीपक कुमार सिंह, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी

सुश्री पारिजात सैकिया, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी

श्री राजीव कुमार साहु, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी

श्री अरुणांग्शु मुखर्जी, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी

श्री सौरव घोष, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी

सुश्री पुनम मालपानी, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी,

श्री चंदन कुमार, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी

श्री सनी पासी, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी

श्री बिजन पॉल, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी

श्री सोनु कुमार साव, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

## प्रश्नोत्तरी

**1. लेखापरीक्षा दिवस कब मनाया जाता है:**

क. 2 अक्टूबर

ख. 31 अक्टूबर

ग. 16 नवंबर

घ. 26 जनवरी

**2. भारत में साइबर कानून मुख्यतःसंबंधित होते हैं।**

क. केवल वित्तीय धोखाधड़ी

ख. भौतिक सुरक्षा में सेंध

ग. साइबरस्पेस और डिजिटल डेटा से संबंधित कानूनी मुद्दे

घ. बैंकिंग नियम

**3. कंपनी अधिनियम, 2013 मुख्य रूप से नियंत्रित करता है।**

क. साझेदारी फर्म

ख. सहकारी समितियाँ

ग. कॉर्पोरेट संस्थाएँ और उनका प्रबंधन

घ. गैर-सरकारी संगठन

**4. कौन-सा सिस्टम भारतीय रेलवे की ई-प्रोक्योरमेंट से संबंधित है?**

क. FOIS

ख. COIS

ग. IREPS

घ. AIMS

**5. भारतीय रेलवे में FOIS किससे संबंधित है?:**

क. यात्री आरक्षण

ख. सामान ढुलाई परिचालन

ग. लेखांकन कार्य

घ. ब्रिज प्रबंधन

**6. SQL का उपयोग मुख्यत:**

क. हार्डवेयर डिज़ाइन करना

ख. डेटाबेस का प्रबंधन और क्वेरी

ग. नेटवर्क सुरक्षा

घ. सॉफ़्टवेयर परीक्षण

**7. सतर्कता सप्ताह 2025 का विषय था:**

क. आचरण में सत्यनिष्ठा

ख. विकास के लिए सतर्कता

ग. सतर्कता: हमारी साझा ज़िम्मेदारी

घ. विकास के लिए पारदर्शिता

**8. कौन-सा सिद्धांत सूचना सुरक्षा की आधारशिला बनाता है?**

क. केवल उपलब्धता

ख. गोपनीयता, अखंडता, उपलब्धता

ग. निजता, नीति, सुरक्षा

घ. सत्यापन और प्राधिकरण

**9. राष्ट्रीय एकता दिवस किसके सम्मान में मनाया जाता है?:**

क. महात्मा गांधी

ख. जवाहरलाल नेहरू

ग. डॉ. बी.आर. अंबेडकर

घ. सरदार वल्लभभाई पटेल

**10. हर साल 16 नवंबर को मनाया जाने वाला 'ऑडिट दिवस' सबसे पहले किस वर्ष घोषित किया गया था??**

क. 2019

ख. 2020

ग. 2021

घ. 2022

उत्तर पृष्ठ संख्या 37 पर दिया गया

## <u>प्रश्नोत्तरी के उत्तर</u>

| | |
|---|---|
| 1. ग | 6. ख |
| 2. ग | 7. ग |
| 3. ग | 8. ख |
| 4. ग | 9. घ |
| 5. ख | 10. ग |

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
COMPTROLLER & AUDITOR GENERAL OF INDIA
SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा

Dedicated to Truth in Public Interest


**क्षेत्रीय क्षमता निर्माण एवं ज्ञान संस्थान, कोलकाता**

तीसरा एमएसओ बिल्डिंग, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, 5वीं मंजिल (ए विंग),डीएफ ब्लॉक,

सॉल्ट लेक, सेक्टर - I, कोलकाता - 700064

दूरभाष नंबर. 033- 23213907/6708

ईमेल: rtikolkata@cag.gov.in